वर्ष 6 अंक 113
पृष्ठ 16+4=20
धनबाद, रविवार
29 अक्टूबर 2017
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण



राम मंदिर विवाद सुलझाने को श्रीश्री रविशंकर सक्रिय 13
सुषमा ने मलेशिया में फंसे भारतीय परिवार की मदद की 14

www.jagran.com
पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# अंतरराष्ट्रीय चेस चैंपियनशिप में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता,आसनसोल:** दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी नई दिल्ली की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल सेल टाउनशिप रांची में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय चैस चैंपियनशिप ओपन (बालिका वर्ग) 2017 का आयोजन किया गया द्य जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीपीएस आसनसोल, डीपीएस सिलिगुड़ी, डीपीएस हावड़ा, डीपीएस आरके पुरम (नई दिल्ली), डीपीएस गुड़गांव (हरियाणा), डीपीएस चंडीगढ़, डीपीएस नोएडा, डीपीएस एलडीको लखनऊ, डीपीएस जयपुर, डीपीएस जमशेदपुर, डीपीएस इलाहाबाद, डीपीएस शारजाह, डीपीएस विराटनगर (नेपाल), डीपीएस अक्रा (घाना) डीपीएस बाली (इंडोनेशिया) आदि के 200 से भी अधिक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की उज्ज्वला (कक्षा आठवीं) और राजनंदिनी (कक्षा सातवीं) ने स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। दोनों ही छात्राओं ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। दो दिवसीय प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल ने दसवां स्थान प्राप्त करके स्कूल एवं शहर का नाम रोशन किया। छात्राओं के इस प्रदर्शन पर शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने छात्राओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही भविष्य में इसी प्रकार परिश्रम और लगन से अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित कर विजय प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।



छात्रा को प्रमाणपत्र देते डीपीएस के प्राचार्य आरडी शर्मा • जागरण